रविवार
23 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



किलर किशोरी के स्वर में था जादू, बनना चाहती थी सिंगर, बन गई मर्डरर 3

## ईद मुबारक...





**पटना।** राजधानी पटना के गांधी मैदान में शनिवार की सुबह ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान करीब 40 हजार लोगों ने नमाज पढ़ा। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान बच्चे, जवान और बुजुर्ग सभी नजर आए। इस अवसर पर सीएम नीतीश कुमार गांधी मैदान पहुंचे। उन्होंने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी और इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया। इससे पहले पूर्व इदैन कमिटी के सदर महमूद आलम ने उट नीतीश कुमार को गुलदस्ता भेंटकर एवं साफा पेश किया। सीएम नीतीश कुमार ने मुस्लिम भाई-बहनों को ईद की मुबारकबाद एवं बधाई दी। इस अवसर पर सीएम ने लोगों से गले मिलकर, हाथ मिलाकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान सुरक्षा के काफी पुख्ता इंतजाम थे। इसके पश्चात सीएम ने सुल्तानगंज स्थित इदारा-ए-शरिया पहुंचकर वहां के सदस्य डॉ. फरीद अमानुल्लाह एवं पूर्व विधान पार्षद श्री गुलाम रसूल बलियावी से मुलाकात कर ईद की बधाई दीं।

## मोतिहारी में घर में घुसे दो दर्जन डकैतों ने लूटी 30 लाख की संपत्ति

### डकैतों ने जमकर फायरिंग और बमबाजी की



- मोतिहारी के सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष अरुण सिंह के घर पर हुई वारदात
- डकैतों ने अरुण सिंह के पुत्र व जाप नेता अभिजीत सिंह को चाकू मारकर जखमी कर दिया

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

मोतिहारी में हथियारों से लैश करीब दो दर्जन डकैतों ने भीषण लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार डकैतों ने मोतिहारी के सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष अरुण सिंह के घर पर धावा बोलकर लाखों रुपए के जेवरात और कैश पर हाथ साफ कर दिया है। इस दौरान उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दिया। मामला मोतिहारी के घोड़ासहन थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है जहां डकैतों ने एक घर में जमकर उत्पात मचाया और लूटपाट की है। लूट के दौरान डकैतों ने कॉपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष अरुण सिंह के पुत्र व जाप नेता अभिजीत सिंह के साथ मारपीट की और उन्हें चाकू मारकर जख्मी कर दिया। घटना के बाद गांव के लोगों में भी पूरा आक्रोश है।

### घर के लोगों को बाथरुम में कर दिया था बंद

जख्मी अभिजीत सिंह ने बताया कि बीती रात 20 से 25 की संख्या में आए डकैतों ने गैस कटर से मुख्य दरवाजा को काटकर घर के अंदर दाखिल हुए। लगभग 10 से बारह की संख्या में डकैत घर में घुसे और बाकी बाहर थे। हथियारबंद डकैतों ने घर के सभी सदस्यों को बाथरुम में बंद कर दिया और उनके साथ मारपीट करने लगे। उसके बाद चाकू मारकर जख्मी कर दिया। वहीं डकैतों ने घर में रखे 7 लाख नगद और सभी कीमती ज्वेरात को लूट लिया। उन्होंने बताया कि लगभग 30 लाख की संपत्ति पर डकैतों ने हाथ साफ किया है। उन्होंने बताया कि जाते जाते डकैतों ने जमकर फायरिंग और बमबाजी कर दहशत फैला दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मौके पर मौजूद डीएसपी ने बताया कि लूट की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घर में लगा सीसीटीवी और उसका हार्डडिस्क भी डकैत ले गए ताकि वीडियो सामने नहीं आ पाए। बावजूद इसके पुलिस जल्द ही सभी की पहचान कर उन्हें दबोच लेगी।

## खबरें फटाफट

### सुधा डेयरी की दूध की कीमत कल से 2-3 रुपये बढ़ेगी

**पटना।** बिहार में सुधा दूध की कीमतों में वृद्धि की गई है। नई दर 24 अप्रैल से लागू की जाएगी। जानकारी के मुताबिक बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ लिमिटेड की ओर से सुधा के सभी उत्पाद की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की गई है। संघ लिमिटेड के मुताबिक सुधा डेयरी की दूध की कीमतों में प्रति लीटर में 2 से 3 रुपये की वृद्धि की गई है।

### लालू यादव के करीबी नगीना यादव की मौत

**बेगूसराय।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी माने जाने वाले पूर्व मुखिया नगीना यादव की शुक्रवार की देर रात मौत हो गई। शुक्रवार को दिन में बिहार विधानसभा प्राकल्लन समिति के सभापति सह आरजेडी के वरीय नेता भाई वीरेंद्र का बखरी विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम था। दिन में कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद देर रात नगीना यादव अपने घर वापस लौट रहे थे। कहा जा रहा है कि सड़क हादसे में उनकी मौत हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा कि शुक्रवार की देर रात जिले में कई जगहों पर मौसम खराब हुआ था। अचानक आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। नगीना यादव रात में ही लौट रहे थे। कहा जा रहा है तेज हवा के चलते बाइक से नियंत्रण खो दिया होगा और ये सड़क किनारे गिर गए होंगे, जिससे उनकी मौत हो गई।

### पीड़ितों के लिए योगी सरकार जल्द कर सकती है एक आयोग का गठन

# अतीक के कब्जे से लोगों की जमीनें छुड़ाएगी यूपी सरकार

**एजेंसी/प्रयागराज**

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के कब्जे से लोगों की जमीनें छुड़ाने के लिए यूपी सरकार जल्द एक आयोग का गठन कर सकती है। गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक अतीक और अशरफ ने अपनी दबंगई के बल पर न सिर्फ प्रयागराज बल्कि लखनऊ और प्रदेश के अन्य जनपदों में लोगों की जमीनों पर कब्जा कर लिया था। दोनों भाइयों से पीड़ित तमाम लोग पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। अब जब अतीक और अशरफ की हत्या हो चुकी है तो लोग शिकायत लेकर आने लगे हैं। लोगों में अपनी जमीनें वापस मिलने की उम्मीद जगी है। ये आयोग पीड़ितों की शिकायतों की जांच करेगा और संपत्ति के सही हकदार को उनकी जमीन वापस दिलाने कानूनी सहायता प्रदान करेगा।

अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ ने बड़ी संख्या में लोगों की जमीनों पर कब्जा किया है। किसी की जमीन जबरन हथिया ली तो किसी की जमीन औने पौने दामों में खरीद ली। अतीक की गुंडई, रसूख और नेता, पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों से संबंध देखकर ज्यादातर लोग या चुपचाप बैठ जाते थे या फिर थाना चौकी के चक्कर काटते रहते थे। कुछ लोग हिम्मत करके एफआईआर दर्ज कराते थे, लेकिन उनकी सुनवाई ही नहीं हो पाती थी। कई शिकायतकर्ता तो ऐसे भी थे जिन्हें थाना चौकी से ही भगा दिया जाता था। बीते दिनों शासन के साथ हुई तमाम बैठकों में यह मुद्दा उठा जिसके बाद आयोग के गठन की चर्चा शुरू हुई। इस आयोग में तीन से पांच सदस्य हो सकते हैं। इसमें रिटायर्ड आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के अलावा सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल किए सकते हैं। आयोग तमाम लोगों को उनकी संपत्तियां वापस कराने के लिए कानूनी सहायता दिलाने का काम करेगा।

### विजय सिन्हा बोले... अतीक को शहीद कहनेवाले लोगों ने इस देश के लाखों शहीदों का अपमान किया है, ऐसे लोगों पर हो कार्रवाई





**पटना।** राजधानी पटना में माफिया अतीक अहमद के पक्ष में शुक्रवार को लगे नारे पर बिहार की राजनीति गरमा गई है। इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को महागठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में 'अतीक जी' कहा। जेडीयू, आरजेडी और महागठबंधन के लोगों ने अतीक के द्वारा विधायक राजू पाल और उमेश पाल की हत्या कराने पर पहले कभी शोक संवेदना व्यक्त नहीं की। यह महागठबंधन सरकार की तुष्टिकरण नीति का ही परिणाम है। आतंकवादी अतीक को शहीद कहने वाले लोगों ने इस देश के लाखों शहीदों का अपमान किया है।

विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिस सुरक्षा कर्मी की मौजूदगी में देश के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की भी हत्या कर दी गई थी। अतीक के मामले में संविधान की हत्या का आरोप लगाने वालों को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या प्रधानमंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री की पुलिस सुरक्षा में हत्या मामले में संविधान की क्या भूमिका थी? पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल के ऐसे सैकड़ों मामले हैं, जिसमें पुलिस की मौजूदगी में लोगों की सरेआम हत्या कर दी गई लेकिन अब जानबूझकर राजनीतिक फायदे के लिए वर्तमान सरकार पर दोषारोपण किया जा रहा है।

**दिग्विजय सिंह ने भी दिया था बयान':** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रयागराज इलाके का यह दबंग सभी वर्गों का जमीन और मकान कब्जा कर लेता था। देश को याद है कि किस प्रकार कांग्रेस के नेता दिग्विजय सिंह ने आतंकी ओसामा बिन लादेन को अमेरिका द्वारा मार गिराए जाने के बाद 'ओसामा जी' कहकर संबोधित किया था। ये इन लोगों का पुराना इतिहास रहा है। देश में अल्पसंख्यक के वोट लेने के चक्कर में सही गलत का फर्क करना ये भूल गए हैं।

**मामला संवेदनशील एवं गंभीर:** बीजेपी नेता ने कहा कि बिहार पुलिस को शीघ्र अतीक अहमद के पक्ष में नारा लगाने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए. यह मामला संवेदनशील एवं गंभीर है। ऐसे ही तत्व सासाराम और राजगीर में हिंसा आगजनी और दूसरे समुदाय के लोगों की हत्या के लिए उकसाते हैं और साम्प्रदायिकता के आधार पर घृणा-द्वेष फैलाकर अपना धंधा चमकाते हैं।

## नवादा में सड़क हादसा में दो महिलाओं की मौत, सात लोग घायल

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले में शनिवार को सड़क दुर्घटना में दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में घायल 7 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सभी रजरप्पा से पूजा करके घर लौट रहे थे, जहां नवादा जिले की रजौली थाना क्षेत्र के करीगांव के समीप तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी अचानक अनियंत्रण होकर पलट गई। सभी लोग बिहारशरीफ के नूरसराय गांव के रहने वाले हैं और रजरप्पा से पूजा करके लौट रहे थे। मृतक की पहचान नूरसराय की खुशबू कुमारी और प्रियंका कुमारी के रूप में की गई है।




### आरएलजेडी के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मीडिया से बातचीत में किया दावा, कहा- जदयू के कई नेता भाजपा और मेरे संपर्क में

# जदयू को डूबने से दुनिया की कोई ताकत नहीं बचा सकती: कुशवाहा

**केटी न्यूज/पटना**



जेडीयू के अंदर अब कुछ बचा ही नहीं है। जितने लोग आप देख रहे हैं वो सब नेता के रूप में हैं कोई कार्यकर्ता नहीं है। सारे लोग कहीं न कहीं अपना कनेक्शन लगा के रखे हैं। जिस दिन नाव डूबेगी कौन उछल कर कहां जाएंगे, सबने इसके लिए अपना ठिकाना पहले से ही तलाश के रखा हुआ है। यह बातें आरएलजेडी के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहीं।

नीतीश कुमार ने हाल ही में दिल्ली में कई बड़े नेतोओं से विपक्षी एकता को लेकर मुलाकात की थी। इस सवाल पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि ममता बनर्जी हों या केसीआर हों या कोई भी हो, आप भी (मीडिया) मिल सकते हैं। मुलाकात से क्या होता है। बिहार में जो महागठबंधन की सरकार है इसमें तीन पार्टियां कांग्रेस, आरजेडी और जेडीयू मुख्य रूप से हैं। नीतीश कुमार जब दिल्ली में गए तो तीनों पार्टी के लोगों ने मिलकर कुछ कहा। बाकी पार्टी की ओर से कोई बयान नहीं आया। उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे को लेकर कहा कि फर्क इतना ही है कि यह बैठक पटना में न होकर दिल्ली में हुई है। बस इतना ही अंतर है। सवाल पर कि जैसा आप कह रहे हैं कि जेडीयू में भगदड़ हो रही है तो इस पार्टी के बड़े नेता हैं वो लोग क्या करेंगे? इस पर कुशवाहा ने कहा कि सबने कहीं न कहीं अपना ठिकाना खोज कर रखा है। कोई बीजेपी में जाएंगे तो कई लोग हमसे भी संपर्क में हैं।

उपेंद्र कुशवाहा ने जेडीयू में टूट का वक्त भी बताया। कहा कि लोगों को मालूम है, टूट 15 दिन में हो, महीना भर में हो या दो महीने में हो लेकिन होगी। इसे डूबने से दुनिया की कोई ताकत नहीं बचा सकती है।

**नरेंद्र मोदी के लिए चुनौती नहीं:** उपेंद्र कुशवाहा ने 2024 में विपक्षी एकता के सवाल पर कहा कि आज की तारीख में और जो 2024 की संभावना दिख रही है उसमें कहीं से नरेंद्र मोदी के लिए कोई चुनौती नहीं है। विपक्ष कोई चुनौती देने कि स्थिति में फिलहाल नहीं है। इसलिए 2024 में उनके सामने तो कोई चैलेंज नहीं है।

## खबरें फटाफट

### 26 किलो गांजा के साथ से दो तस्कर गिरफ्तार

**सासाराम।** आरपीएफ टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने स्टेशन परिसर से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 26 किलो गांजा बरामद किया गया है। आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम ने शनिवार शाम सूचना मिली कि डेहरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन के पूर्वी यात्री शेड के पास दो तस्कर कुणाल कुमार सिंह, शशि शेखर सिंह बैग में गांजा लेकर स्टेशन से बाहर जाने की फिराक में है। पुलिस टीम ने दोनों गांजा तस्करों को करीब 26 किलो गांजा के साथ धर दबोचा। पुलिस के अनुसार बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए बताई जाती है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रामविलास राम ने बताया कि तस्कर बक्सर जिला के औद्योगिक थाना क्षेत्र के छोटकी कोठिया के रहने वाले हैं।

### कर्मियों से अवैध वसूली का आरोपी गिरफ्तार

**आरा।** गुरुवार की देर रात नवादा थाना क्षेत्र के न्यू बहीरो स्थित हिमांशु एंड रणबीर पेट्रोल पंप पर रंगदारी और फायरिंग मामले के आरोपी थाना क्षेत्र के बहीरो गांव निवासी स्व. मुकेश पासवान का पुत्र गुलशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया की गुरुवार की देर रात थाना क्षेत्र के न्यू बहिरो हिमांशु एंड रणवीर पेट्रोल पंप पर स्कूटी में 60 रुपए का पेट्रोल डलवाने के बाद पैसा मांगने के विवाद में पेट्रोल पंप कर्मी के साथ मारपीट किया गया था और दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोली भी चलाई गई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर आरा के नेतृत्व में टीम गठित कर कांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया। जिसमें गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक पिलेट बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के ऊपर नवादा थाना में पूर्व से ही दो कांड दर्ज हैं।

# पटना वीमेंस कॉलेज की ईको टास्क फोर्स ने किया लोगों को जागरूक, गो ग्रीन का दिया संदेश

**केटी न्यूज/पटना**

- विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चलाया स्वच्छता अभियान
- पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को होना होगा जागरूक

22 अप्रैल वह पूरे विश्व में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर ईको टास्क फोर्स, पटना महिला कॉलेज (स्वायत्त) ने पटना के इंद्रपुरी में कॉलेज की छात्राओं ने वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान,हाउस बोर्ड डेकोरेशन, विभिन्न स्लोगन, भाषण, पोस्टर मेकिंग इत्यादि के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण किया। जिसमें 30 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। ड्राइव सुबह पृथ्वी की रक्षा और वृक्षारोपण के बारे में जागरूकता फैलाने और हरियाली के लिए संदेश फैलाने के मिशन के साथ हुई।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को होना होगा जागरूक :** जूलॉजी विभाग की प्रमुख शोभा श्रीवास्तव ने बताया पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा। आधुनिक जीवन एवं इलेक्ट्रिक गैजेट के चकाचौंध में प्रकृति को नजरअंदाज कर हम आने वाली पीढ़ी के लिए जहर घोल रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के सुंदर आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त किया। वहीं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज में इस तरह के अवसरों पर लघु आयोजन से छात्र-छात्राओं में जागरूकता का संचार तो होता ही है। साथ ही साथ उनका रुझान विद्यालय एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भी बढ़ता है।







**पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया :** इस अवसर पर जूलॉजी विभाग के डॉक्टर नीतू के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा की पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को काट रहे है। पर्यावरण हरा-भरा रहेगा, तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। कार्यक्रम में जूलॉजी विभाग की प्रमुख शोभा श्रीवास्तव, डॉ. नीतू, जूलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमीत रंजन सहित अन्य कर्मी एवं कॉलेज की छात्राएं उपस्थित थे।

## सिमरी में कालरात्रि विवाह महोत्सव के बैनर तले हर साल होता है आयोजन

# कालरात्रि मंदिर परिसर में पांच जोड़े विवाह के बंधन में बंधे, साथ निभाने की खाईं कसमें





**केटी न्यूज/सिमरी**

- आयोजन कमिटी ने नववधुओं को उपहार देकर किया विदा
- मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व घुड़दौड़ का आयोजन

अक्षय तृतीय के मौके पर सिमरी स्थित काल रात्रि मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन कालरात्रि विवाह महोत्सव समिति के द्वारा करवाया गया था। जिसमें पांच जोड़ो की वैदिक विधान से शादी करवाई गई। इस मौके पर घुड़दौड़ प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। समारोह की तैयारी तथा सामूहिक शादी में आए खर्च समिति के द्वारा वहन किया गया। सुबह नौ बजे से पूरे दिन चले इस समारोह में वर पक्ष तथा कन्या पक्ष के बैठने के लिए अगल अलग व्यवस्था की गई थी जबकि उनके जलपान व भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई थी। सामूहिक विवाद में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किए जा रहे वैदिक मंत्रोच्चार से पुरा वातावरण गूंजयमान होता रहा। विवाह की रश्म पुरी होने के बाद आयोजन कमिटी की ओर से नववधुओं को जेवरात, कपड़े, पलंग, तोसक, पंखा सहित कई अन्य सामान उपहार स्वरूप देकर विदा किया गया। इस सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए दूर दराज से हजारों की संख्या में लोग आए थे। जिस कारण सिमरी में जाम की समस्या गंभीर हो गई थी। जिस कारण पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ी। आयोजन समिति द्वारा पांच जोड़ो की शादी करवाई गई है। इसकी तैयारी महीनों से की जा रही थी। निर्धारित समय पर शादी के लिए वर तथा कन्या पक्ष के लोग मंदिर परिसर पहुंच गए थे। सुबह 10 बजे वैवाहिक कार्यक्रम शुरू किया गया। शाम 3 बजे सभी जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित :** सामूहिक विवाह के दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व घुड़दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें कई चर्चित कलाकार शामिल हुए। वहीं घुड़दौड़ में भी कई राज्यों के घोड़े भाग लिए थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने समां बांध दिया था। जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए थे। चर्चित कलाकार सह जिला पार्षद कमलबास कुंवर ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत की। इसके बाद कई गायकों ने अपनी गायकी से उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वही घुड़दौड़ में भोजपुर जिले के झौआ के हरेराम मुखिया का घोड़ा रॉकेट ने बाजी मारी। बता दें कि ब्रह्मपुर मेला में भी रॉकेट ही विजेता रहा था। इस आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी विनोद राय, पुर्व प्रमुख सत्यनारायण दुबे, सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, मुखिया अशोक राय, दिनेश पाण्डेय, प्रेम सागर कुंवर, दीपनारायण सिंह, पूर्व मुखिया तेजनारायण ओझा, मदन राय, धर्मराज चौरसिया के साथ कालरात्रि विवाह महोत्सव के डमडम राय समेत सभी सदस्यों की भूमिका काफी सराहनीय रही।

## एक नजर

### भोजपुर में ठनका गिरने से युवक की मौत

**आरा।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कोढ़वा गांव में शुक्रवार की रात ठनका गिरने से खेत से लौट रहे एक युवक की मौत हो गई। ठनका की चपेट में आने से उसके पिता और मां भी झुलस गए। मृत युवक कोढ़वा गांव निवासी जगदीश सिंह का 21 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार उर्फ दीपक था। वह गांव पर रहकर खेती गृहस्थी करता था। तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसकी मां अनिता देवी की हालत गंभीर बनी है। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। पिता जगदीश सिंह भी मामूली रूप से झुलसे हैं। घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी का आलम रहा। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। इधर युवक के पिता जगदीश सिंह ने बताया कि गेहूं और जई की फसल काटकर खेत मे रखी गयी था। तभी रात में अचानक बारिश शुरू हो गई। उसे देख तीनों फसल ढंकने खेत में गए थे। उसी दौरान अचानक ठनका गिर पड़ा।उसकी चपेट में आने से उनके बेटे रितेश कुमार उर्फ दीपक की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी अनीता देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। वह भी मामूली रूप से झुलस गए। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात तेज बारिश के साथ अंशु देवी के सुहाग पर बज्रपात हो गया। शादी के तीन माह बाद ही उसका सुहाग उजड़ गया। अभी उसके हाथ का महावर भी ढंग से नहीं छुट पाया था कि वह विधवा हो गयी। पति के वियोग में उसका रो-रोकर बुरा हाल था। इधर, इकलौता बेटे की मौत से माता-पिता का भी बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि रितेश कुमार उर्फ दीपक अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था। उसकी चार बहनें हैं। रितेश कुमार उर्फ दीपक की शादी पिछले 15 फरवरी को हुई थी।? उसके परिवार में मां अनीता देवी, पत्नी अंशु देवी, बहन शोभा देवी, सुशीला देवी,ममता कुमारी और बेबी कुमारी है। घटना के बाद कोहराम मच गया है।



### जिले में हर्षोल्लास के साथ मना ईद का त्योहार बड़ी संख्या में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**जहानाबाद।** एक महीने के पवित्र रमजान खत्म होने पर शनिवार को मुस्लिम भाईयों ने हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर का त्योहार मनाया। शुक्रवार की शाम चांद दिखते हीं रोजेदारों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शहर का बाजार देर रात तक गुलजार रहा। वहीं शनिवार को सुबह सबेरे ही ईद की खुशी परवान चढ़ गयी। रंग बिरंगे नये कपड़े पहनकर मुस्लिम भाई सबेरे से हीं सड़क पर उतर गये थे। शहर के जामा मस्जिद, कच्ची मस्जिद, गड़ेरियाखंड, मखदुमाबाद मस्जिद, जाफगरंज मस्जिद, मदरसा अरबिया मस्जिद, बिचली मुहल्ला, ईरकी मस्जिद सहित कई मस्जिदों में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अता किया। लेकिन पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 83 स्थित ईदगाह के समीप सामूहिक नमाज में नमाजियों की भीड़ देखते ही बन रही थी। यहां हजारों की संख्या में मुस्लिम भाईयों ने ईद का नमाज अता किया। नमाजियों की संख्या अत्याधिक हो जाने के कारण इस पथ पर कुछ देर के लिए वाहनों का परिचालन भी ठप हो गया। पूरा सड़क नमाजियों से पटा था। इस दौरान शांति तथा कानून व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गयी थी। इस दौरान कई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मुश्तैद थे। नमाज के बाद देश व राज्य की तरक्की एवं अमन चैन की दुआ मांगी गई। वहीं लोगों ने एक दूसरे के गले लग ईद की बधाइयां दी। इधर जहानाबाद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, पूर्व विधायक डा. सच्चिदानंद यादव, जदयू नेता जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी, दिलीप कुशवाहा, राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, महासचिव परमहंस राय, बैकुंठ यादव, धर्मपाल यादव सहित कई नेताओं ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारक दी।



### धूमधाम से मनया गया भाकपा-माले का 54वीं पार्टी स्थापना दिवस

**जहानाबाद।** भाकपा-माले जिला कार्यालय सहीत, जिला के सभी प्रखंड से लेकर गांव स्तर तक पार्टी स्थापना दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया। भाकपा-माले का पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर आज पार्टी जिला कार्यालय जहानाबाद में कामरेड लेनिन के जन्म दिवस पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सबसे पहले पार्टी कार्यालय में झंडा तोलन पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड वसी अहमद ने किया। उसके बाद दो मिनट का मौन रखकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसी प्रकार जिला के सभी प्रखंडों में यह कार्यक्रम किया गया। जिला के सैकड़ों से ज्यादा गांव, बाजारों में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी जिला कार्यालय में झंडा तोलन पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड वसी अहमद ने किया। माल्यार्पण किसान महासभा के राज्य सचिव कामरेड रामाधार सिंह, माले जिला सचिव कामरेड श्रीनिवासन शर्मा आदि ने किया। कार्यक्रम में शामिल माले जिला कार्यालय सचिव कामरेड श्याम पाण्डेय युवा नेता कामरेड मुकेश पासवान,राम उदय कुमार, गणेश दास आदि थे। काको प्रखंड के सैदाबाद में घोसी विधायक कामरेड रामबली सिंह यादव कामरेड मुमताज प्रखंड सचिव कामरेड विनोद कुमार भारती, किसान नेता सौखिन यादव, प्रताप दास,राम ईश्वर मांझी,उदय पासवान आदि। वही मोदनगंज में वितन मांझी, जगदीश पासवान, प्रदीप कुमार, युवा नेता योगेंद्र यादव आदि थे। घोसी प्रखंड में कामरेड अरुण बिंद, बुद्धदेव यादव,इन्द्रेश पासवान, अशोक साव,बरुन पासवान, मदन यादव आदि मौजूद रहे।

# आरा में हथियार के बल पर जबरन वसूली कर रहा बदमाश गिरफ्तार, गोली और मोबाइल बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने जबरन वसूली कर रहे एक बदमाश को विदेशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। वह नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला निवासी बिजू पासवान है। जिसे शुक्रवार की दोपहर प्राइवेट बस स्टैंड के समीप गिरफ्तार किया है। उसके पास से मैगजीन सहित एक अमेरिकन पिस्टल, नौ गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। एएसपी चंद्रप्रकाश ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की दोपहर शहर के प्राइवेट बस स्टैंड के नजदीक कुछ अपराधकर्मियों ने नगर निगम की चूंगी के नाम पर हथियार के बल पर जबरन वसूली किये जाने की सूचना मिली।



एसपी प्रमोद कुमार द्वारा उन्हें मामले की जांच करते हुए वसूली करने वालों की गिरफ्तार का निर्देश दिया गया। उस आधार पर उनके द्वारा नवादा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा छापेमारी कर एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक अमेरिकन पिस्टल, नौ कारतूस और एक एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि उससे पूछताछ कर पूरी घटना की जानकारी ली जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि उसका मकसद सिर्फ वसूली करना था या कुछ और। अमेरिकन पिस्टल के बारे में भी उससे जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसे अमेरिकन पिस्टल किसने दिया था।

# मकान निर्माण के विवाद में दो पक्षों में फायरिंग, छर्रा लगने से छह जख्मी

**आरा।** जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव में शनिवार की दोपहर मकान बनाने के विवाद में पक्षों में हिंसक झड़प हो गयी। उस दौरान एक पक्ष की ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। उसमें छर्रा लगने से बच्चों सहित एक ही परिवार के छह लोग जख्मी हो गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल कराया जा रहा है। घायलों में रामलाल सिंह के पुत्र बिष्णु सिंह, भावज सुनरकालो देवी, नतिनी गोल्डी कुमारी, 18 निशी कुमारी, रामजी और भरत जी शामिल हैं। गोली मारने का आरोप पड़ोस के रिटायर फौजी श्यामाकांत सिंह और उनके परिजनों पर लगाया गया है। घटना को लेकर गांव में देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत किया। एसडीपीओ राहुल सिंह भी पहुंचे और छानबीन की। उस दौरान पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनमें रिटायर फौजी श्यामाकांत सिंह और उनका बेटा शुभम से उर्फ सोनू है। शुभम सिंह उर्फ सोनू बैंक में क्लर्क का जॉब करता है।



एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि बिहटा गांव निवासी राम लाल सिंह और श्यामकांत सिंह के बीच जमीन को लेकर विवाद था। शुक्रवार की दोपहर मकान बनाने को लेकर दोनों पक्षों में फिर से झगड़ा हुआ। उसके बाद श्यामकांत सिंह के घर के ओर से फायरिंग कर दी गयी।


## परिवार नियोजन पखवाड़े में 25 पुरुषों ने करवाया नसबंदी, जबकि 414 महिलाओं ने करवाया बंध्याकरण

# नसबंदी को लेकर पुरुषों में अभी भी जागरूकता का है अभाव

**केटी न्यूज/सासाराम**

जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर सरकार अभियान के तरह परिवार नियोजन पखवाड़ा का आयोजन करती है जिसमे लोगों को परिवार नियोजन से संबंधित स्थाई और अस्थाई परिवार नियोजन को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। इस जागरूकता अभियान में महिला बंध्याकरण के साथ साथ पुरुष नसबंदी पर भी काफी जोर दिया जाता है। लेकिन जिले में नसबंदी के प्रति पुरुषों में जागरूकता नहीं दिखाई दे रही है। पुरुष आज भी नसबंदी कराने के लिए आगे ना आकर महिलाओं को ही आगे कर रहे है। इसका मुख्य कारण आज भी लोगों में पुरुष नसबंदी को लेकर पुरानी सोच कायम है।

अधिकांश पुरुष यही मानते है की नसबंदी कराने से मदार्ना शक्ति क्षीण होती है और शारीरिक कमजोरी आती है जिससे पुरुष भारी कार्य नही कर सकते। ये सोच ग्रामीण क्षेत्रों में ही नही शहरी क्षेत्रों के शिक्षित लोगों ने भी देखने और सुनने को मिलती है। पिछले महीने मिशन परिवार विकास के तहत आयोजित परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान हुए बंध्याकरण और नसबंदी के आंकड़े दशार्ते है की पुरुषों में नसबंदी को लेकर भ्रम अभी भी बरकरार है। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार 13 से 31 मार्च तक आयोजित परिवार नियोजन पखवाड़ा में 414 महिलाओं ने बंध्याकरण करवाया जबकि महज 25 पुरुषों ने ही अपना नसबंदी करवाया।





**नसबंदी कराने के बाद नही हो रही दिक्कत :** वहीं, सरकार द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान के कारण समाज में कुछ ऐसे पुरुष भी है जिन्होंने अपना नसबंदी करवा लोगों के मन में बैठे भ्रम को दूर कर रहे हैं। उन्हीं में से एक है सासाराम निवासी अभिषेक कुमार। इन्होंने नसबंदी करा कर लोगों को एक सकारात्मक संदेश दिया की पुरुष नसबंदी से किसी प्रकार की समस्या होती है। उन्होंने यह भी संदेश दिया की नसबंदी कराने से किसी प्रकार की कोई शारीरिक कमजोरी नहीं होती है। अभिषेक कुमार ने बताया कि 25 मार्च को अपना नसबंदी करवाया था। और आज मैं पहले के जैसा कार्य कर वह हूं। उन्होंने बताया कि नसबंदी के पूर्व और नसबंदी के बाद कार्य मे फर्क नही आया। उन्होने बताया कि शुरू में उन्हें भी इस बात को लेकर डर था कि कमजोरी हो जाएगी। लेकिन एफआरएचएस के लोगों ने समझाया और पूरी जानकारी दी और मैंने नसबंदी करायी।

**लोगों में जानकारी का आभाव :** जिला अस्पताल में कार्यरत डीसीएम चन्दा कुमारी ने बताया कि ग्रामीण क्षत्रो के साथ साथ शहरी क्षेत्रों के लोगों में अभी भी नसबंदी को लेकर जानकारी का अभाव देखा जा रहा है। काफी समझाने के बावजूद भी पुरुष अपना नसबंदी के लिए राजी नही होते और कमजोरी होने तथा मदार्ना शक्ति कम होने के डर से नसबंदी से दूर भागते है जबकि ऐसा नही है। पुरुष नसबंदी कराने के बाद एक हप्ता के बाद से ही पहले के जैसा सामान्य कार्य किया जा सकता है।

**पुरुष नसबंदी महिला बंध्याकरण से काफी आसान :** एफआरएचएस के जिला समन्वयक विपिन कुमार ने बताया कि पुरुष नसबंदी महिला बंध्याकरण से कई गुना आसान और सरल है और इसकी जानकारी विभिन्न माध्यमो से लगातार लोगों तक पहुंचाई जाती है। उन्होंने बताया कि जानकारी के बावजूद भी पुरुष नसबंदी के लिए आगे नहीं आ पाते हैं। क्योंकि वर्षों से मन में बैठे भ्रम को तोड़ना इतना आसान नहीं होगा, परंतु लगातार प्रयास की वजह से अब पुरुष भी समझने लगे हैं और नसबंदी के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी के लिए भी सरकार द्वारा भी प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है ताकि पुरुष नसबंदी को लेकर लोगों में जागरूकता आए।

## खबरें फटाफट

### अगले तीन दिनों तक भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

**बक्सर।** शनिवार को भी पूरे दिन मौसम नरम बना रहा। जिस कारण लोगों को भयंकर गर्मी व लू से राहत मिली। शुक्रवार की रात आए आंधी पानी के बाद से ही आसमान में बादल छाए हुए है। जिस कारण अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। आसमान में बादल छाने तथा ठंडी हवा चलने से एक सप्ताह बाद अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया है। मौसम विभाग की मानें तो अधिकतम तापमान में 5 डिग्री व न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान जताया है। कृषि विज्ञान केन्द्र बक्सर के कृषि वैज्ञानिक डॉ देवकरण ने बताया कि जिले में 2.8 एमएम बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि बारिश से किसानों को नुकसान नहीं हुआ है। इससे उच्चतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस में गिरावट दर्ज किया गया है। तापमान में गिरावट से लोगों ने राहत की सांस ली है।

### लापरवाही बरतने वाले पर्यवेक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**केसठ।** केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने जाति आधारित जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले पर्यवेक्षकों से स्पष्टीकरण पूछा है। बीडीओ ने लापरवाह पर्यवेक्षकों से 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। स्पष्टीकरण का जबाव नहीं देने वालों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि जनगणना कार्य काफी महत्वपूर्ण होता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड के तीनों पंचायतों के पर्यवेक्षकों द्वारा लापरवाही बरता गया है। उन्होंन स्पष्टीकरण पूछने के साथ ही कार्यसंस्कृति में सुधार लाने को कहा है।

# भगवान परशुराम की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, शामिल हुए सैकड़ों लोग

**केटी न्यूज/बक्सर**



भगवान विष्णु के छठवे अवतरा भगवान परशुराम की जयंति शनिवार को जिलेभर में धूम धाम से मनाई गई। इस मौके पर बक्सर में जहां उनकी मूर्ति के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाला गया वही एक कार्यक्रम नगर भवन में भी आयोजित हुआ। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर जुलूश निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार बक्सर में सनातन सेवा संस्थान के बैनर तले किला मैदान से भगवान परशुराम की मूर्ति के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा किला मैदान से निकल पीपरपाती रोड, मुनीम चौक, जमुना चौक, बड़ी मस्जिद होते हुए पुनः किला मैदान पहुंच संपन्न हुई। जुलूस में सैकड़ो की संख्या में परशुराम भक्त हाथों में फरसा, तलवार जैसे पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल हुए थे। जुलूश में सदर विधायक मुन्ना तिवारी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि परशुराम ब्राह्मण कुल के भगवान है। उन्होंने कहा कि अबतक किसी भी राजनीतिक दलों ने ब्राह्मणों के प्रति सद्भावना नहीं दिखाई है। उन्होंने कहा कि परशुराम जयंति पर हम संकल्प लेते है कि राजनीकि दलों के बहकावे में नहीं आएंगे। जो हमारे समाज को महत्व और संरक्षण देगा हम उसी के साथ रहेंगे। उन्होंने इस अवसर पर समाज को एकजुट रहने को कहा। मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### विराट ब्राह्मण एकता परिषद ने की सभा

वहीं दूसरी तरफ विराट ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा बक्सर टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व डीजीपी तथा विराट ब्राह्मण एकता परिषद बक्सर के अध्यक्ष सुरेश कुमार भारद्वाज ने की। परिषद के सचिव दीपक कुमार चौबे, कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार तिवारी आदि के द्वारा बताया गया कि इस समारोह का विशेष सहयोग सूर्यकांत पांडे के द्वारा किया गया। जबकि मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय, विनय मिश्र समेत कई अन्य मौजूद थे। इसके अलावे चौगाई प्रखंड के ढोरी पांडेयपुर गांव में भी अक्षय तृतीया के मौके पर भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई है। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समुदाय के अलावे सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। ग्रामीणों ने भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना की तथा उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। नेतृत्व समाजसेवी डब्लू तिवारी ने किया। मौके पर अभिमन्यु तिवारी दुर्गेश तिवारी, रितेश पांडेय, गोविंद दुबे, राकेश कुमार गौतम समेत कई अन्य शामिल थे।

### जिले भर में शांतिपूर्वक मना ईद का पर्व, एहतियात के तौर पर भारी संख्या में तैनात था पुलिस बल

# ईदगाह में नमाज अदा कर मांगी अमन और चैन की दुआ, बांटी ईद की खुशियां





**केटी न्यूज/बक्सर (टीम)**

माहे रमजान की समाप्ति पर शनिवार को ईद मनाई गई। इस मौके पर जिले भर के ईदगाहों में नमाज अदा कर दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। नमाज अदा करने के साथ ही रोजेदारों ने एक दूसरे के गले मिल ईद की बधाई दी। जबकि एक दूसरे के घर जाकर बधाई देने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस दौरान आगंतुकों को कई प्रकार के पकवान खिलाए जा रहे थे। खासकर कई प्रकार की सेवईयां लोगों को खूब पसंद आ रही थी।

एहतियात के तौर पर ईद की मुख्य नमाज के दौरान दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। नमाज के दौरान ईदगाहों के पास सड़क पर बैरियर लगा वाहनों को परिचालन रोक दिया गया था। इसके अलावे सभी चौक चौराहों पर पूरे दिन दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल मुश्तैदी से खड़े थे। जिलेभर में ईद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने की जानकारी मिली है। ईद शांति पूर्ण संपन्न होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है। बता दें कि इस त्योहार को लेकर जिला प्रशासन काफी सतर्क था। खुद डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार विधि व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। जबकि बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र व डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज को भी विशेष जिम्मेवारी दी गई थी।

**ईदगाहों पर मेला सा दिखा नजारा:** ईद के मौके पर रोजेदारों की खुशी देखते ही बनती थी। सभी रोजेदार सुबह में नहा धोकर नये कपड़े पहन इत्र लगा ईदगाह में नमाज अदा करने पहुंचे थे। बच्चों में विशेष उत्साह था। बच्चें दमकते गमकते हुए ईदगाह में पहले पहुंचने की होड़ में थे। नमाज के दौरान अल्लाह पाक के सजदे में एक साथ हजारों सर झुक रहे थे। जो आकर्षण का केन्द्र था। ईदगाहों पर मेला सा नजारा बना हुआ था। बक्सर व डुमरांव में ईद की नमाज के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ ही दंगा निरोधी दस्ता को तैनात किया गया था। इसके अलावे एंबुलेंस व मेडिकल टीम के साथ ही फायर वाहन भी तैनात थी। हालांकि इसकी नौबत नहीं आई। नमाज खत्म होने के बाद एक दूसरे को बधाई दे नमाजी अपने घर लौट आए। देर रात तक ईद का चहल पहल जारी था।

## एक नजर

### केसठ के रामपुर गांव में मस्जिद के रास्ते का विवाद सुलझाने पहुंचे एसडीओ व डीएसपी



**केसठ।** केसठ प्रखंड के रामपुर गांव में शनिवार को मस्जिद के रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की खबर सुन प्रशासन तत्काल हरकत में आया। इसकी जानकारी मिलते ही डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज व डीएसपी अफाक मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच पिछले तीन वर्षों से विवाद चल रहा था। तनाव पैदा ना हो इसको लेकर डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज और डीएसपी अफाक अख्तर, इंस्पेक्टर विमल दास, नावानगर थाना, केसठ सीओ, बीडीओ और जनप्रतिनिधि शनिवार को पहुंचे। रामपुर पहुंचे अधिकारियों ने मामले की जांच की तथा दोनों पक्षों से मामले की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में जनप्रतिनिधियों, बीडीओ और सीओ के द्वारा सुलह कराया गया था। फिर भी विवाद होता ही रहा। इसकी सूचना मिलते ही डुमरांव एसडीओ और डीएसपी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से कहा आपसी भाईचारे के साथ रास्ते के विवाद को खत्म करें। अधिकारियों और प्रशासन के बीच रामपुर ईदगाह में शांति पूर्ण माहौल में नमाज अदा किया गया। मौके पर उपस्थित पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय ने कहा कि प्रशासन और अधिकारियों से आश्वासन दिया गया है कि जल्द से जल्द रास्ते के विवाद को खत्म कर दिया जाएगा।

### केसठ पीएचसी ने महादलित बस्तियों में कैंप लगा बच्चों को पिलाई विटामिन ए की खुराक



**केसठ।** प्रखंड के विभिन्न महादलित बस्तियों में राज्य स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर केसठ पीएचसी द्वारा कैंप लगाकर 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई। कैंप का उद्घाटन पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि विटामिन ए की कमी से बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को रोकने के लिए यह पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आशा कार्यकताओं के साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं को भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को चिन्हित करके उन्हें विटामिन ए खुराक हर हाल में पिलाना है। उन्होंने ने बताया की बच्चों में विटामिन ए की कमी से खसरा सहित अन्य घातक बीमारियां होती है। उन्होंने बच्चों में होने वाले खसरा के लक्षणों को बताते हुए आशा कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि क्षेत्र में कोई भी बच्चा विटामिन ए की खुराक पीने से वंचित न रहे। इस दौरान शनिवार को कुल लगभग 450 बच्चों को विटामिन ए का खुराक पिलाया गया। इस मौके पर पप्पू, विक्की, डॉ अयोध्या प्रसाद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## शर्मनाक: अपने ही घर में रहने के लिए एक बेटी को लेना पड़ा कोर्ट व पुलिस का सहारा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कहते हैं जब मुसीबत आती है तो चारों तरफ से आती है। यह कहानी है डुमरांव के गौशाला रोड निवासी निशा की। पहले बेवफा पति ने दूसरी शादी कर उसे घर से निकाल दिया और बाद में सौतेला भाई भी मायके वाले घर में पनाह नहीं दे रहा था। ऐसे में पीड़िता को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की शरण लेनी पड़ी।

प्राधिकार के सचिव सह अपर जिला जज धर्मेन्द्र तिवारी ने उसकी व्यथा को सुन पैनल अधिवक्ता किरण कुमारी सिंह और पीएलवी ओमप्रकाश सिंह को डुमरांव थाना में जाकर पीड़िता तथा उसके भाई के बीच सुलह समझौता करवाने का आदेश दिया। समझौता नहीं होने की स्थिति में भाई पर एफआईआर दर्ज कराने को कहा था। शनिवार को दोनों पैनल अधिवक्ता डुमरांव थाना पहुंचे जहां निशा के सौतेले भाई गौशाला रोड निवासी विजय कुमार पिता स्व रंगीलाल प्रसाद को बुलवा समझौता करवाया गया। इसके बाद उसे अपने मायके के घर में प्रवेश मिला।



पैनल अधिवक्ताओं तथा पुलिस के समक्ष विजय ने जो समझौता किया है उसके अनुसार व निशा को अपने घर में 15 दिनों तक रखेगा। इस दौरान उसे खाना पीना देगा। समझौते में इस बात का भी जिक्र हुआ है कि न तो वह और न ही उसकी पत्नी निशा को किसी प्रकार की दिक्कत और परेशानी देंगे। निशा की शादी मुफ्स्सिल थाना क्षेत्र के न्यायिपुर गांव के परमा खरवार के साथ हुई है। उसे दो बच्चे हैं। लेकिन उसका पति दूसरी शादी कर निशा को घर से भगा चुका है। निशा ने इस संबंध में कोर्ट में परिवाद दायर किया है।

## चंदन हत्याकांड: किलर किशोरी के स्वर में था जादू, बनना चाहती थी सिंगर, बन गई मर्डरर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

वह सिंगर बनना चाहती थी, उसके स्वर में जादू था, भक्ति गीतों पर आधारित उसका एक कैसेट भी जारी हुआ था। कम उम्र में ही गायकी के क्षेत्र में वह धाक जमाने लगी थी। यूट्यूब पर उसके फॉलोअरों की संख्या बढ़ रही थी। लेकिन लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। लव ट्रांयगल में उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई। सिंगर बनते बनते वह मर्डरर बन गई।

यह कहानी है 18 अप्रैल की सुबह अरियांव में अपने कथित प्रेमी शक्ति विजय सिंह उर्फ चंदन सिंह को गोली मारने वाली किशोरी की। जानकारों की मानें तो बचपन से ही वह सामान्य

◆ चंदन को गोली मारने वाली किशोरी का रिलीज हो चुका है एक भक्ति कैसेट

लड़कियों से अलग थी। ग्रामीण माहौल में रहते हुए भी काफी स्वच्छंद रहना पसंद करती थी। पढ़ाई में भी ठीक ठाक थी। लेकिन उसकी सबसे बड़ी खासियत थी कि वह एक अच्छी गायिका थी। उसके स्वर को सुन संगीत के जानकार उसे गायकी क्षेत्र का बड़ा सितारा बनने की भविष्यवाणी कर रहे थे। पहले कैसेट के जारी होने के बाद से ही उसके फॉलोअरों की संख्या तेजी से बढ़ी थी। वह संगीत के गुर सीख ही रही थी कि प्रेम त्रिकोण के जाल में फंस गई। चंदन का उसके जीवन में आना उसके लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ।

सूत्रों का कहना है कि उसके बाद से वह गायकी की दुनिया से दूर होने लगी। पहले तो चंदन के साथ सबकुछ ठीक ठाक चल रहा था। लेकिन बाद में पुराने प्रेमी अंकित के फिर से आने के बाद से उसके जीवन में उथल पुथल मच गया था। वह दो प्रेमियों के बीच इस कदर उलझ गई थी कि उसे भला बुरा का ज्ञान नहीं रह गया था। यही कारण है कि चंदन के परेशान करने तथा सरेआम छेड़खानी की बात को वह अपने परिजनों को बताने के बदले खुद चंदन को सबक सिखाने की ठानी। जिसके बाद जो हुआ उससे उसके सिंगर बनने का सपना न सिर्फ अधूरा रह गया है बल्कि बाल सुधार गृह में बाकी की जिंदगी गुजारने को मजबूर हो रही है।

### वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की पूर्व संध्या पर इटाढ़ी स्थित सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित

# वीर कुंवर सिंह साहस, शौर्य और संघर्ष के अद्धितीय प्रतीक: राजेंद्र प्रसाद

**केटी न्यूज/बक्सर**




वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की पूर्व संध्या पर इटाढ़ी स्थित सामुदायिक भवन में विजयोत्सव समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। समारोह का आयोजन वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव आयोजन समिति इटाढ़ी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों ने वीर कुंवर सिंह के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि भारत का इतिहास संघर्षों का इतिहास है। वीर कुंवर सिंह इन संघर्षों के महानायक के प्रतिक है। अपने जीवन का क्षण-क्षण और अपने रक्त का प्रत्येक बूंद भारत माता की सेवा के लिए समर्पित करने वाले वीर कुंवर सिंह के शौर्य को नमन करने का अवसर है यह विजयोत्सव। उन्होंने कहा कि 1857 का संग्राम भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम था। बाबू कुंवर सिंह ने बिहार सहित कई हिस्सों में अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़कर उन्हे पराजित किया।

उन्होंने अंग्रेजों को नाको चने चबाने पर मजबूर किया। भारत माता की गुलामी की बेड़ियों की तोड़ने के लिए किये गए संघर्ष में कुंवर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वीर कुंवर सिंह साह, शौर्य और संघर्ष के अद्धितीय प्रतिक है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपने देश के महापुरूषों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को जयशंकर पाण्डेय, व्यापार मण्डल अध्यक्ष विनोद सिंह, भाजपा नेता बलदेव सिंह, पूर्व मुखिया मुन्ना सिंह अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के संयोजक राजीव रंजन सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन गोविन्द सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश सिन्हा, इन्द्रलेष पाठक, मुन्ना सिंह, मनोज सिंह, वीरेन्द्र केशरी, जिला पार्षद अशोक राम, कमलेश्वर सिंह, मिठाई सिंह, चन्दन राम सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार अजय सिंह को मातृशोक, सामाजिक कार्यकताओं ने जताया शोक



**डुमरांव।** डुमरांव के वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक हिन्दुस्तान से जुड़े अजय सिंह की सुदामा देवी का निधन हो गया है। उनका निधन शनिवार को 98 वर्ष की अवस्था में पैतृक घर मौलाबाग, आरा में हुआ है। इसकी जानकारी मिलते ही पत्रकारों, सामाजिक, राजनैतिक कार्यकताओं तथा बुद्धिजीवियों में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों ने शोक जताया है तथा दुःख की इस घड़ी में अजय सिंह के साथ खड़े होने की बात कही है। शोक जताने वालों में वरिष्ठ पत्रकार शिवजी पाठक, डा शशांक शेखर उपाध्याय, अविनाश उपाध्याय, अरबिंद कुमार चौबे, अनिल ओझा, रविशंकर श्रीवास्तव, रजनीकांत दूबे, अशोक कुमार, अमर केसरी, संजय केसरी, अमित सिंह, रविन्द्र दूबे, आशुतोष सिंह, डा विष्णुदत्त द्विवेदी, रंजीत पांडेय, प्रकाश कुमार बादल, वरूण सिंह, शंकर पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता रामबहादूर सिंह, राजीव रंजन सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद धीरज कुमार, बुद्धिजीवी डा रमेश सिंह, ब्रह्मा ठाकुर समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

### पूरे दिन चलता रहा ईद मुबारकबाद और बधाइयों का दौर, लोगों ने दिया अमन और चैन का पैगाम

# ईदगाह में पढ़ी गई नमाज, मांगी सलामती की दुआ

# हिंदुओं की भागीदारी से ईद के पर्व में लगा चार चांद

**केटी न्यूज/बलिया/गाजीपुर**

बलिया में ईद का त्योहार शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। शहर से सटे बहेरी के ईदगाह में ईद की नमाज अदा कर परिवार व मुल्क की सलामती के लिए लोगों ने दुआ मांगी। साथ ही एक दूसरे से गले मिलकर एक दूजे को शुभकामनाएं भी दी। जिले में मुस्लिम बंधुओं ने दुनिया की सलामती के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी। अकीदतमंदों ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। मोबाइल व सोशल मीडिया के जरिए ईद मुबारक के संदेशों का आदान-प्रदान पूरे दिन चलता रहा। वहीं गाजीपुर के मुहम्मदाबाद नगर समेत आस-पास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोउल्लास के साथ शांति पूर्वक मनाया गया। इलाके के पखनपुरा, वीरपुर, शेरपुर, महेंद, महरूपुर, गौसपुर, यूसुफपुर, मुहम्मदाबाद आदि के अलग -अलग ईदगाहों मस्जिदों में सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने घर -घर जाकर लोगों से गले मिले और ईद की मुबारक बाद दिए एवं सेवईयां खाई। ईद के मद्देनजर सुरक्षा कर्मी लगातार चक्रमण करते रहे। संवेदनशील व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही थी।

**मेहमानों को परोसे गए स्वादिष्ट व्यंजन:** ईद के मौके पर लोग एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। रब से देश-दुनिया में अमन बनाए रखने की दुआ किया तथा जकात दी। घरों में बने कई तरह के लजीज व्यंजन से मेहमानों का सेवागत किया गया। ईद पर बनने वाली सेवई, बिरयानी, शीर खुरमा, किमामी सेवई, फिरनी जैसे कुछ पारंपरिक व्यंजनों का सभी ने जमकर स्वाद चखा।







### जिले में पूरे दिन भ्रमण करते रहे डीएम-एसपी

**गाजीपुर।** ईद-उल-फितर पर शनिवार की सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। विशेश्वरगंज चौराहे के पास स्थित मस्जिद पर शान्ति एवं भाईचारे के साथ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में नमाज अदा की गई। डीएम और एसपी नमाज के दौरान विशेश्वरगंज चौराहे पर कैम्प लगाकर अंतिम समय तक मौजूद रहे। नमाज शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित बच्चों को चाकलेट देकर ईद-उल-फितर की बधाई दी गई। डीएम-एसपी ने जनपद के सभी लोगों से अपील की कि अक्षय तृतीया, भगवान परशुराम जयंती एवं इर्द के त्योहार को खुशी पूर्वक मिलजुलकर मनाएं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी को ईद एवं अक्षय तृतीया पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी।



### ईद की मुबारकबाद दी

क्षेत्र में ईद की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों एवं ईदगाहों पर नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मुस्लिम समुदाय के बुढ़े बच्चे एवं नौजवान नए-नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करने मस्जिदों एवं ईदगाहों में जमे रहे ईद की नमाज अदा की। नमाज खत्म होने के बाद लोग आपस में गले मिले और ईद की मुबारकबाद दी।




### ईदगाहों के बाहर मौजूद रहा भारी पुलिस बल

बलिया के विशुनीपुर, काजीपुरा, बड़ी मस्जिद चमनसिंह बाग रोड, लोहापट्टी आदि जगहों पर हिन्दू-मुस्लिम बंधुओं की ओर से एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद देने का सिलसिला घंटों चलता रहा। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसपी राजकरन नय्यर, एडिशनल एसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी, सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, ईओ, कोतवाल राजीव सिंह आदि ने मुस्लिम बंधुओं को ईद की बधाई दी। इस मौके पर जिलाधिकारी व एसपी ने लोगों से मिलजुलकर और भाईचारे के साथ पर्व की खुशियां आपस में बांटने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व हमें आपस में जोड़ने की सीख देता है। आपस में प्रेम बांटने का संदेश देता है।

## हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से बाइक में लगी आग, पति की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सैदपुर थाने के बासूपुर गांव निवासी विरेन्द्र कुमार (40) अपनी पत्नी तारा देवी (38) के साथ करीब ढाई बजे दवा लेने के लिए आगापुर जा रहे थे कि भितरी नहर के पास मोटर साइकिल से जाते वक्त अचानक 11 हजार बोल्ट का विद्युत तार ऊपर गिर जाने से मोटर साइकिल जलकर राख हो गई। पति की मौके पर मौत हो गई, जबकि पत्नी को झटका लगने से गंभीर रूप से झूलस कर दूर जा गिरी। मृतक गरीब परिवार का था, जो स्व. बालकिशुन राम का पुत्र था। मजदूरी करके किसी प्रकार परिवार का जीवीकोपार्जन करता था। बता दें कि वीरेंद्र राम निवासी बासुपुर थाना सैदपुर का रहने वाला है और अपनी पत्नी तारा देवी के साथ बाइक से दवा लेने के लिए भीतरी बाजार थाना सैदपुर गाजीपुर जा रहा था कि ग्राम मोसिनपुर थाना सैदपुर गाजीपुर नहर पुलिया के पास 11 हजार वोल्टेज का तार बाइक सवारों के ऊपर गिरने से और मोटर साइकिल में फंस जाने



पर वीरेंद्र राम बाइक के साथ धूं-धूं कर जलने लगा। उसका जलता हुआ लाइव वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

हालांकि वीडियो में विरेंद्र की जलने से मौत हो गई, वहीं करेंट लगने की वजह से तारादेवी भी बुरी तरह से जल गई। जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा सैदपुर स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है, कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। उक्त घटना के लिए ग्रामीण इलाके में बिछे जर्जर तारों को तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदार मान रहे हैं।

## प्रेमिका के घर पहुंचे मजनूं की जमकर हुई पिटाई

**गाजीपुर।** खानपुर थाने के लाढ़ा गांव निवासी एक मजनूं इलाके की रहने वाली एक नाबालिग लड़की से प्रेम कर बैठा। जब दोनों का प्यार परवान चढ़ा तो प्रेमी गोविंद चौहान पुत्र पुत्तू चौहान चोरी चुपके लड़की से मिलने उसके गांव जाता था। इसी बीच प्रेमी देर रात लड़की के घर जा पहुंचा और आसपास के लोगों ने युवक को लड़की के साथ पकड़ लिया तथा उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी, लेकिन जबतक पुलिस मौके पर पहुँचती युवक मौका देख वहां से फरार हो गया। उधर घटना स्थल पर पहुंची खानपुर पुलिस घटना की जानकारी लेते हुए मामले की जांच -पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष खानपुर संजय मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है, पीड़िता से प्राप्त तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवक की गिरफ्तारी के लिए दबि?श दी जा रही है।

## पुलिस मुठभेड़: गैंगस्टर व 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी को लगी गोली, जखमी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद की स्वाट टीम और थाना भावंरकोल पुलिस की संयुक्त टीम ने एक शातिर को धर दबोचा है। पकड़ा गया रवि बिंद 25,000 का इनामी है और वांछित अपराधी भी है। मुठभेड़ की सूचना पर एसपी ग्रामीण बलवंत एवं सीओ हितेंद. कृष्ण मौके रात में ही मुठभेड़ स्थल पर पहुंचकर मौके का जायजा लिया। इस संबंध में सीओ हितेंद. कृष्ण ने बताया कि रवि पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा कायम है। पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर उसका एक दूसरा साथी भागने में कामयाब रहा। बताया जाता है कि प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र कुमार राय और स्वाट टीम की ओर से पाताल गंगा चट्टी पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की संयुक्त चेकिंग की जा रही है।



पुलिस को जानकारी हुई थी कि दो बदमाश पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की तरफ से आ रहे हैं। दोनों पाताल गंगा पर किसी व्यापारी को लूटने वाले हैं। मुखबिर के इस इनपुट पर काम करते हुए पुलिस ने सघनता से चेकिंग शुरू कर दिया। इस दौरान मोटर साइकिल सवार दो बदमाश आते दिखाई दिए। संयुक्त पुलिस टीम ने उनकी गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर करते हुए भांवरकोल की तरफ भागने का प्रयास किया गया। पुलिस ने दोनों बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान मिजार्बाद बाजार में मौजूद द्वितीय मोबाइल टीम द्वारा तेतरिया मोड पर उक्त बदमाशों की घेराबंदी की गई। उसके बाद बदमाश माचा रोड की तरफ गाड़ी मोड़कर भागने लगे। कुछ ही दूरी पर आगे नहर पट्टी पर गाड़ी फिसल गई। दोनों बदमाश अपने को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जानलेवा फायरिंग करने लगे। पुलिस टीम की ओर से आत्मरक्षार्थ में फायरिंग की गई। जिससे एक बदमाश गोली से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश की डिटेल्स मालूम करने पर पुलिस को मालूम हुआ कि वह संहासन बिंद का बेटा रवि बिंद है। जो ग्राम चकिया थाना सुहवल जनपद गाजीपुर का रहने वाला है। रवि का दूसरा साथी, जो अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया उसे सोनू बिंद के तौर पर चिन्हित किया गया है। रवि और सोनू दोनों पर पहले से गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा कायम है। वहीं सोनू पर भी अलग-अलग थानों में अलग अलग अपराध को लेकर 15 मामले एवं रवि बिन्द पर गैंगस्टर सहित कुल चार मामले दर्ज हैं।

### निदेशालय से मुहर लगने के लिए बाद एसएलटीसी की बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव

# सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भेजा गया 105.32 करोड़ का प्रस्ताव

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण के लिए जल निगम शहरी ने 105.32 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को तैयार कर निदेशालय भेज दिया है। निदेशालय से मुहर लगने के लिए बाद इसे एसएलटीसी की बैठक में रखा जाएगा। इससे पहले निदेशालय से स्वीकृति के बाद पुरानी सीवर लाइन की सफाई के लिए 9.73 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को शासन में भेजा जा चुका है। अब शासन की स्वीकृति के बाद इस पर कार्य शुरू होगा।



शहर से निकलने वाले नालों का गंदा पानी सीधे गंगा नदी में गिराया जाता है। हालांकि एनजीटी के सख्त रवैये के बाद पालिका की ओर से कुछ नालों पर बायो रेमेडिएशन का कार्य किया जा रहा है। नगर में वर्ष 2006-07 में सीवर योजना की शुरूआत कुल 97.22 करोड़ रुपए की धनराशि से हुई। इस धनराशि से सीवर व एसटीपी का निर्माण होना था, लेकिन यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। कहीं पाइप पड़ी तो कहां नहीं पड़ी। छोड़हर में एसटीपी भी आधी अधूरी भी छोड़ दी गई। योजना के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने के बाद जल निगम की ओर से कई बार इसे पूरा करने के लिए प्रयास किया गया लेकिन ये परवान नहीं चढ़ा। इसे नमामि गंगे से बनवाने के लिए योजना बनाई गई, लेकिन ये भी परवान नहीं चढ़ी।

**130 किमी बिछाई जाएगी पाइप लाइन :** पिछले दिनों जल निगम की शहरी विंग को अमृत पार्ट टू के तहत आधी-अधूरी एससीपी को पूरा की स्वीकृति दी गई। इसके बाद जल निगम की ओर से प्रस्ताव बनाना शुरू किया गया। पहले पुरानी डाली गई 56-57 किमी लाइन की साफ-सफाई और मरम्मत के लिए 9.73 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। हालांकि अभी इसे स्वीकृति नहीं मिली। अब जल निगम ने एसटीपी के लिए 105.32 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। जनपद में कुल 220 किमी सड़कें हैं। पहले 56-57 किमी पाइपलाइन बिछाई गई है। ऐसे में लगभग 130 किमी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। जल निगम शहरी के अधिशासी अभियंता अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि नए एसटीपी निर्माण के साथ ही नगर में पाइप लाइन बिछाने और सीवेज कनेक्शन देने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर निदेशालय को भेज दी गई है।

## एक नजर

### मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए सपा, बसपा और भाजपा में दंगल शुरू...

**गाजीपुर।** नगरपालिका गाजीपुर के अध्यक्ष पद के चुनाव में उलटफेर जारी है। पर्चा वापसी के अंतिम दिन निर्दलीय उम्मीदवार शरीफ राईनी ने नामांकन पत्र वापस लेकर सियासत को गरमा दिया। इसका फायदा लेने के लिए समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के नेता हर संभव प्रयास कर रही है, दोनों दलों के नेता मुस्लिमों का हिमायती बनकर ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम मत अपने पाले में लाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि भाजपा बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों पर नजर रखे हुए है। परोक्षरुप से हुए ध्रुवीकरण की क्षति से डैमेज को कंट्रोल करने के लिए सियासी शतरंज बिछा रही है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि शरीफ राईनी के पर्चा वापस लेने से मुस्लिम वोट एकतरफा सपा या बसपा को जा सकता है। इसलिए सपा-बसपा के नेता मुस्लिमों का हिमायती बनने का हर अवसर ढूंढ रहे हैं जिससे कि मुस्लिम मत ज्यादा से ज्यादा संख्या में उनके पाले में आ जाए। उधर भाजपा मुस्लिम वोट में भी पसमांदा समाज के जरीये सेंध लगाने का रणनीति बना रही है। ज्ञातव्य है कि पसमांदा समाज से योगी सरकार में राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी की गाजीपुर पड़ोसी जनपद के कारण उनके समाज पर जबरदस्त पकड़ है। भाजपा पसमांदा समाज और गरीब तबके के मुसलमानों को अपने पाले में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि शरीफ राईनी केवल कुजड़ा वर्ग के नेता हैं। बसपा से टिकट कटने के बाद मुस्लिम समाज उनके उपर शत-प्रतिशत भरोसा नहीं कर सकते हैं।




### ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

**बलिया।** बैरिया बाजार स्थित जामा मस्जिद के पास ईद की खुशी में अपने साथियों के साथ सड़क किनारे ठेले पर जूस पी रहे सोनबरसा निवासी इमरान अली (21) पुत्र आलम इद्दशी की मौत बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। देखते ही देखते सैकड़ो लोगों की भीड़ जुट गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बता दें कि ईद के दिन आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे के घर आने जाने व मिलने के बाद इमरान अली अपने दो अन्य मित्रों के साथ जूस पीने के लिए बैरिया में जामा मस्जिद के निकट ठेले पर पहुंचा। जूस पी ही रहा था, तभी बिहार की तरफ से लोहे का सरिया लेकर आ रहा तेज रफ्तार ट्रक इमरान को कुचल दिया। लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर ग्रामीणों ने ट्रक को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी, किंतु ट्रक चालक झांसा देकर भागने में सफल रहा। ट्रक के खलासी व ट्रक को बैरिया पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। सोनबरसा अस्पताल में ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई थी। मौके पर एसएचओ धर्मवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### नामांकन में फर्जीवाड़ा रोकने को बनेगी छात्र-छात्राओं की प्रोफाइल

**बलिया।** नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से एक बच्चे का दो विद्यालयों में नामांकन के फर्जीवाड़े को रोकने के लिए विद्यार्थियों की प्रोफाइल बनाना शुरू किया गया है। निजी से लेकर सरकारी स्कूल के बच्चों की प्रोफाइल शारदा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इस कार्य में निजी विद्यालय रुचि नहीं ले रहे हैं। नई व्यवस्था के तहत स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र व छात्राओं का डाटा पोर्टल पर सहेजा जा रहा है। इसमें बच्चे का आधार कार्ड, नाम समेत जरूरी चीजों को अपलोड किया जा रहा। यह व्यवस्था नामांकन में होने वाले फर्जीवाड़े को खत्म कर देगी। शिक्षकों ने बताया कि सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए अभिभावक बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालय में करा देते हैं, जबकि बच्चे को निजी स्कूल में भी पढ़ाते हैं। प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल व यूनिक आईडी बनने से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। प्रोफाइल बनाने का काम शिक्षकों के लिए सिरदर्द बन गया है। वेबसाइट नहीं चलने से शिक्षकों को दिक्कत हो रही है। वहीं, मोबाइल से यह काम पूरा करना मुश्किल है। सरकारी स्कूलों के शिक्षक जैसे-तैसे काम निपटा रहे हैं, लेकिन निजी स्कूलों के शिक्षक रुचि नहीं ले रहे हैं। बच्चों की प्रोफाइल बनाने में दिक्कत आ रही है। आधार कार्ड, राशन कार्ड नहीं बनने से भी फीडिंग होने में परेशानी आ रही है। बीएसए मनिराम सिंह ने बताया कि प्रोफाइल बनने से बच्चों का डाटा सुरक्षित रहेगा। आउट ऑफ स्कूल होने पर उन्हें दोबारा से स्कूल से जोड़ने का प्रयास किया जा सकेगा।



### मृत बच्ची पैदा होने पर परिजनों ने बवाल काटा

**बलिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर के प्रसव कक्ष के सामने जच्चा बच्चा के परिजनों ने शुक्रवार की रात करीब 10:00 बजे से लेकर 11:30 बजे रात तक बवाल काटा। एक महिला की मृत बच्ची पैदा हुई उसके बाद महिला के पति लल्लन राजभर पुत्र महंत राजभर निवासी बहेरा पार वार्ड नंबर 12 आदर्श नगर पंचायत मनियर थाना मनियर जनपद बलिया ने प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप मढ़ते हुए कहा कि स्टाफ नर्स द्वारा हमें गुमराह किया गया। मैं अपनी पत्नी रीमा देवी की गर्भवती होने की बाद हमेशा यहां रूटीन चेकिंग कराता रहा। स्टाफ नर्स द्वारा बार-बार मुझसे पैसा लेकर मेरी पत्नी को बोतल चढ़ाया गया। यही नहीं मेरी पत्नी को अल्ट्रासाउंड भी कराया गया रूटीन चेकिंग के दौरान स्टाफ नर्स द्वारा कहा गया कि गर्भ में पल रहा शिशु ठीक है। शुक्रवार की रात प्रसव कक्ष में करीब 10:00 मेरी पत्नी की डिलीवरी हुई। डिलीवरी के दौरान मृत बच्ची पैदा हुई। जबकि स्टाफ नर्स से पूछा गया तो उसका कहना था कि बच्ची का विकास ठीक से नहीं हुआ था । उस समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पर स्टाफ नर्स अंजुम की ड्यूटी थी। घटना के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ एसएस रावत मौजूद नहीं थे। यही नहीं एक दूसरी स्टाफ नर्स द्वारा रिश्वत लिए जाने का भी वीडियो वायरल हो रहा है। परिजनों का आरोप है कि स्टाफ नर्स द्वारा न तो अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट डॉक्टर को दिखाया जाता है और न ही स्टाफ नर्स को अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट समझ में आती है। अगर अल्ट्रासाउंड कराया गया था तो उसी समय स्टाफ नर्स द्वारा कहा गया होता कि गर्भ में पल रही बच्ची का विकास नहीं हो रहा है तो डॉक्टर से दिखा कर उसकी समुचित इलाज होता। बताते चलें कि बच्ची के डिलीवरी के बाद सूचना पाकर कुछ राजनीतिक दल के नेता भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पर पहुंचे लेकिन डॉक्टर के उपस्थिति न होने के कारण वह कहकर चले गए कि नगर पंचायत के चुनाव के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दूर्व्यवस्था के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सुभासपा नेता रविंद्र कुमार हड्डी, कृष्णा, अभिमन्यु राजभर, वार्ड नंबर पांच के निवर्तमान सभासद व सपा नेता संजीत कुमार सिंह सहित आदि लोग रहे।

